चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 6-11-25 | 3 | 3-5 |


# हकृवि में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को किया गया पदोन्नत



*पदोन्नति पाने वाले कर्मचारी कुलपति के साथ।*

हिसार, 5 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने नव-पदोन्नत गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति किसी भी कर्मचारी के परिश्रम, लग्न और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति तभी संभव है जब प्रत्येक कर्मचारी अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाए। प्रो. काम्बोज ने यह भी कहा कि पदोन्नति के साथ दायित्व और अपेक्षाएं दोनों बढ़ते हैं, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी नई भूमिका में समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की विकास यात्रा में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी की निष्ठा, परिश्रम और कार्यकुशलता की पहचान है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं, पारदर्शिता अपनाएं और उत्तरदायित्व के साथ कार्य संस्कृति को सशक्त बनाएं।

पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में राम गोपाल को उप अधीक्षक से अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार को सहायक से उप अधीक्षक, अमर लाल, अशोक कुमार, कृष्ण लाल मुंजाल, सतीश कुमार को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर से निजी सहायक बनाया गया है। मोनिका, हेमन्त, संजय, नितिन कुमार व सोनू को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर, अनिल बलोदा, अमित कुमार, सुशील कुमार, सचिन दुहन, बबीता रानी, अविनाश, सचिन कुमार, विशाल, रजत कुमार, संदीप, ज्योति रानी, नवीन दुहन तथा राहुल कुमार को क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार मोहर सिंह, अमर बहादुर सीनियर प्रयोगशाला सहायक से प्रयोगशाला तकनीशियन, अश्विनी देशवाल एवं दलेल सिंह प्रयोगशाला सहायक से सीनियर प्रयोगशाला सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 6-11-25 | 7 | 6-8 |

## हकृवि में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को किया पदोन्नत

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने नव-पदोन्नत गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति पर बधाई दी। कुलसचिव डा. पवन कुमार ने कहा पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी की निष्ठा, परिश्रम और कार्यकुशलता की पहचान है। पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में राम गोपाल को उप अधीक्षक से अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार को सहायक से उप अधीक्षक, अमर लाल, अशोक कुमार, कृष्ण लाल मुंजाल, सतीश कुमार को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर से निजी सहायक बनाया है। मोनिका, हेमन्त, संजय, नितिन कुमार व सोनू को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर, अनिल बलोदा, अमित कुमार, सुशील कुमार, सचिन दुहन, बबीता आदि को क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 6-11-25 | 9 | 6 |

## एचएयू में गैर-शिक्षक कर्मचारी पदोन्नत

हिसार, 5 नवंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने गैर शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया है। पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में राम गोपाल को उप अधीक्षक से अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार को सहायक से उप अधीक्षक, अमर लाल, अशोक कुमार, कृष्ण लाल मुंजाल, सतीश कुमार को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर से निजी सहायक बनाया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 05.11.2025 | | |

# हकृवि में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को किया गया पदोन्नत



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 5 नवम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने नव-पदोन्नत गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति किसी भी कर्मचारी के परिश्रम, लग्न और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति तभी संभव है जब प्रत्येक कर्मचारी अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाए। प्रो. काम्बोज ने यह भी कहा कि पदोन्नति के साथ दायित्व और अपेक्षाएँ दोनों बढ़ते हैं, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी नई भूमिका में समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की विकास यात्रा में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी की निष्ठा, परिश्रम और कार्यकुशलता की पहचान है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं, पारदर्शिता अपनाएं और उत्तरदायित्व के साथ कार्य संस्कृति को सशक्त बनाएं।

पदोन्नत किए गए कर्मचारियों में राम गोपाल को उप अधीक्षक से अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार को सहायक से उप अधीक्षक, अमर लाल, अशोक कुमार, कृष्ण लाल मुंजाल, सतीश कुमार को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर से निजी सहायक बनाया गया है। मोनिका, हेमन्त, संजय, नितिन कुमार व सोनू को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर, अनिल बलोदा, अमित कुमार, सुशील कुमार, सचिन दुहन, बबीता रानी, अविनाश, सचिन कुमार, विशाल, रजत कुमार, संदीप, ज्योति रानी, नवीन दुहन तथा राहुल कुमार को क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार मोहर सिंह, अमर बहादुर सीनियर प्रयोगशाला सहायक से प्रयोगशाला तकनीशियन, अश्विनी देशवाल एवं दलेल सिंह प्रयोगशाला सहायक से सीनियर प्रयोगशाला सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए हैं।

इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा और सहायक रजिस्ट्रार तारा चंद उपस्थित थे।